# हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता

## न्यूज डायरी



### अजरबैजान से लोहा लेंगी आर्मीनिया के प्रधानमंत्री की पत्नी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** आर्मीनिया। आर्मीनिया और अजरबैजान की भीषण जंग में अब नागोर्नो–काराबाख को बचाने के लिए आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान की पत्नी अन्ना हकोबयान भी उतर आई हैं। आर्मीनिया की प्रथम महिला अन्ना ने 27 अक्टूबर से सैन्य प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया है और वह उन 13 लोगों के महिला दस्ते की सदस्य हैं जो काराबाख की रक्षा में शामिल होंगी। राइफल चलाती अन्ना हकोबयान की तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हो गई हैं। नागोर्नो–काराबाख की लड़ाई में अब तक 5 हजार लोग मारे गए हैं और फिलहाल दोनों देशों के बीच मानवीय सीजफायर चल रहा है। आर्मीनिया के प्रधानमंत्री की पत्नी अन्ना (42 साल) ने फेसबुक पर लिखा, मुझे लेकर 13 महिला सैनिकों का दस्ता सैन्य प्रशिक्षण लेने जा रहा है। अगले कुछ दिनों बाद हम सीमा की रक्षा में मदद देने के लिए रवाना होंगे।

### कतर महिला यात्रियों के प्राइवेट पार्ट की सघन जांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दोहा। कतर के दोहा एयरपोर्ट पर महिला यात्रियों के प्राइवेट पार्ट की आक्रामक तरीके से जांच से विवाद पैदा हो गया है। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री ने कहा कि 10 यात्री विमानों की महिला यात्रियों की जबरन सघन जांच की गई। यही नहीं सिडनी जाने वाले कतर एयरवेज के विमान से महिला यात्रियों को उतरने के लिए मजबूर किया गया और उनके प्राइवेट पार्ट की सघन जांच की गई। दरअसल, कतर एयरपोर्ट के बाथरूम से एक लावारिस नवजात बच्चा मिला था, इसके बाद दोहा एयरपोर्ट के अधिकारियों ने महिलाओं को जबरन प्राइवेट पार्ट की जांच करवाने के लिए मजबूर किया। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री मरिसे पायने ने सीनेट में सुनवाई के दौरान कहा कि कुल 10 एयरक्राफ्ट की महिला यात्रियों को तलाशी का शिकार होना पड़ा जो पूरी तरह से परेशान करने वाला और आक्रामक है।

### मुर्गे के साथ लड़ाई में पुलिस अधिकारी की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मनीला। फिलीपीन्स में मुर्गों की अवैध लड़ाई पर छापा मारने गए पुलिस अधिकारी की मुर्गे के हमले में मौत हो गई। दरअसल, मुर्गे के पैर में ब्लेड लगे हुए थे और उससे पुलिस अधिकारी के पैर की धमनी कट गई। इससे पुलिस अधिकारी लेफ्टिनेंट क्रिस्टिचन बोलोक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बोलोक वहां पर मुर्गे की लड़ाई के अवैध खेल के बारे में साक्ष्य जुटाने गए थे। प्रांत के पुलिस प्रमुख कर्नल अर्नेल अपुड़ ने कहा कि नादर्न समर इलाके में हुई इस घटना में मुर्गे के पैर में लगा नुकीला कांटा उनकी बाईं जांघ की धमनी में फंस गया और उसको काटते हुए निकल गया। इससे पुलिसकर्मी के पैर से काफी खून निकल गया और उसकी मौत हो गई। फिलीपीन्स में मुर्गे की लड़ाई को तुपडा कहा जाता है और यह काफी लोकप्रिय है। लोग इस पर पैसा लगाते हैं। इस लड़ाई के दौरान मुर्गे के पैर में ब्लेड से बना कांटा लगाया जाता है जिसे गाफ कहा जाता है।

### सैटेलाइट चित्रों के अनुसार ईरान के परमाणु स्थल पर हो रहा निर्माण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। ईरान ने नतांज परमाणु स्थल पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। बुधवार को जारी उपग्रह की तस्वीरों में यह जानकारी सामने आई। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र की संस्था आईएईए के निरीक्षकों ने इस बात की पुष्टि की है कि ईरान ने एक भूमिगत उन्नत सेंट्रीफ्यूग असेंबली केन्द्र का निर्माण करना शुरू कर दिया है। ईरान द्वारा इससे पहले बनाए गए संयंत्र में विस्फोट हो गया था जिसे उसने संयंत्र को बर्बाद करने के लिए किया गया हमला करार दिया था। नतांज में निर्माण कार्य ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका में चुनाव का दिन नजदीक आता जा रहा है। चुनाव के नतीजों से यह स्पष्ट होगा कि अमेरिका इस पर क्या रुख अपनाता है। सोमवार को प्राप्त सैटेलाइट चित्रों में दिख रहा है कि उस स्थल से कुछ हटाया गया है जो निर्माण के उपकरण जैसा लगता है।

## आश्वासन

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने अमेरिकी विदेश मंत्री को दिया आश्वासन



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच श्रीलंका ने अमेरिका को बड़ा आश्वासन दिया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने कहा है कि उनका देश विदेश नीति के मामले में हमेशा तटस्थ नीति अपनाएगा और वह महाशक्तियों के गुटों के बीच चल रहे संघर्ष में शामिल नहीं होगा। श्रीलंका के राष्ट्रपति का बयान अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो से मुलाकात के बाद आया है।

**दिन के सबसे बेहतरीन अहफर्स और डील:** इससे पहले माइक पोम्पियो ने राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे से मुलाकात की और इस दौरान पारदर्शी व्यापार और निवेश सहित आर्थिक मामलों, कोविड–19 और दोनों स्वतंत्र लोकतांत्रिक देशों की साझा प्रतिबद्धताओं सहित विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। भारत से मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे अमेरिका के शीर्ष मंत्री यहां के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत करेंगे क्योंकि अमेरिका इलाके में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करना चाहता है और स्वतंत्र और मुक्त हिंद–प्रशांत क्षेत्र बनाए रखने के लक्ष्य को और आगे बढ़ाना चाहता है।

**पोम्पियो ने बातचीत के लिए राजपक्षे से मुलाकात की:** राष्ट्रपति के मीडिया प्रकोष्ठ ने बताया कि पोम्पियो ने बातचीत के लिए राजपक्षे से मुलाकात की। कोलंबो स्थित अमेरिकी दूतावास ने भी ट्वीट कर बताया कि पोम्पियो ने राष्ट्रपति से मुलाकात की और पारदर्शी व्यापार और निवेश के आधार पर आर्थिक साझेदारी, कोविड–19 महमारी के बाद अर्थव्यवस्था को दोबारा पटरी पर लाने सहित लोकतांत्रिक स्वतंत्रता को लेकर साझा प्रतिबद्धता पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में पोम्पियो अमेरिका के सबसे वरिष्ठ मंत्री हैं जिन्होंने श्रीलंका की यात्रा की है। पोम्पियो की इस यात्रा से पहले चीनी दूतावास ने आरोप लगाया था कि अमेरिका श्रीलंका को धमका रहा है। चीनी दूतावास ने सोमवार को एक बयान में कहा था कि हम अमेरिका द्वारा चीन–श्रीलंका संबंधों में हस्तक्षेप करने और श्रीलंका पर दबाव डालने तथा धमकाने के लिए विदेश मंत्री की यात्रा का अवसर के रुप में इस्तेमाल करने का दृढ़ता से विरोध कर रहे हैं। दूतावास ने कहा कि रिश्तों को संभालने के लिए चीन और श्रीलंका के पास पर्याप्त समझ है और किसी तीसरे पक्ष से निर्देश लेने की जरूरत नहीं है। पोम्पिओ की यात्रा से करीब दो हफ्ते पहले चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य यांग जीइची की अगुवाई में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने श्रीलंका की यात्रा की थी।

अमेरिकी विदेश विभाग ने पिछले हफ्ते कहा था कि इस यात्रा का मकसद मजबूत और संप्रभु श्रीलंका के साथ साझेदारी की अमेरिकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करना और स्वतंत्र एवं खुले हिंद–प्रशांत क्षेत्र के लिए हमारे साझे लक्ष्य को आगे बढ़ाना है।

## पाकिस्तानी पीएम इमरान खान ने अलापा कश्मीर राग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। नवाज शरीफ के नेतृत्व में विपक्ष के जोरदार हमले के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अब भारत को शांति का प्रस्ताव दिया है। इमरान खान ने इस शांति प्रस्ताव में भी कश्मीर का राग अलापा और कहा कि शांति के लिए उनकी एक शर्त है। पीओके पर कब्जा करने वाले पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि भारत कश्मीर से अपना सैन्य घेराबंदी खत्म करे और कश्मीरी लोगों को आत्म निर्णय का अधिकार दे।

इमरान खान ने कहा, हम शांति के लिए तैयार हैं लेकिन भारत को कश्मीर से अपनी सैन्य घेराबंदी को खत्म करना होगा और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के मुताबिक कश्मीरी लोगों को आत्मनिर्णय का अधिकार दिया जाए। इमरान खान ने कहा कि इस उपमहाद्वीप को शांति की सबसे ज्यादा जरूरत है क्योंकि यहां समृद्धि की सबसे ज्यादा जरूरत है। इमरान खान ने कहा कि वर्ष 2018 में पीएम बनने के बाद मैंने भारत को शांति का प्रस्ताव दिया था। साथ ही भारतीय नेतृत्व से कहा था कि यदि वे शांति की ओर एक कदम उठाएंगे तो पाकिस्तान दो कदम उठाएगा। इमरान खान ने आरोप लगाया कि भारत शांति की ओर बढ़ने की बजाय कश्मीर को हड़प लिया और अन्याय की नई शुरुआत कर दी।



शादी के लिए खूनी संघर्ष, दांत तोड़कर खूबसूरत बनाई जातीं लड़कियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इथियोपिया। अफ्रीका का इथियोपिया घर है कई प्राचीन जनजातियों का। यहां एक ओर खूंखार मुर्सी जनजाति है तो दूसरी ओर सूरी समुदाय जिसमें खूबसूरती के पर्याय बाकी दुनिया से अलग होते हैं। सूरी जनजाति में भी दूसरी जनजातियों की तरह परंपराएं अनोखी और हजारों साल पुरानी होती हैं। यहां शादी करने का तरीका भी काफी अजब–गजब है। सूरी जनजाति के लोग बहुत चौड़े होठों को सुंदरता की निशानी समझते हैं। यहां तक कि सूरी जनजाति की अनोखी प्रथा के तहत, लड़कियों के यौवन अवस्था में प्रवेश करते ही उनके निचले जबड़े के दो दांत तोड़ दिए जाते हैं और होंठ को काटकर छेद बना दिया जाता है। इसके बाद उनके होंठ में सख्त लकड़ी या मिट्टी का करीब 16 इंच चौड़ा टुकड़ा फिट कर दिया जाता है।

## पृथ्वी के पास आ रहा तबाही का देवता, टकराया तो धरती पर होगा महाविनाश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि तबाही का देवता कहा जाने वाले विशाल ऐस्टेरॉइड तेजी से गति पकड़ रहा है और यह पृथ्वी के कक्षा की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगले 48 सालों में यह महाविनाशक ऐस्टेरॉइड पृथ्वी से टकरा सकता है। हवाई विश्वविद्यालय के खगोलविदों ने इस बात की पुष्टि की है कि विशाल ऐस्टेरॉइड अपोफिस गति पकड़ रहा है। इसके टकराने पर 88 करोड़ टन TNT के बराबर असर होगा।

वैज्ञानिकों ने कहा कि यह

### पृथ्वी के पास आ रहा महाविनाशक ऐस्टेरॉइड

ऐस्टेरॉइड 12 अप्रैल 2068 को पृथ्वी से टकरा सकता है। इसके टकराने से पृथ्वी पर महाविनाश आ सकता है। यह ऐस्टेरॉइड करीब 1000 फुट चौड़ा है और इसका असर 88 करोड़ टन TNT के विस्फोट के बराबर होगा। अपोफिस ऐस्टेरॉइड की खोज एरिजोना की वेधशाला ने 19 जून, 2004 को की थी। इसके बाद से इस ऐस्टेरॉइड पर वैज्ञानिकों की नजर है।

शोधकर्ताओं ने अपोफिस को इस साल सुबारू टेलिस्कोप के जरिए पता लगाया और विश्लेषण के बाद पाया कि इसने गति पकड़ लिया है। इसमें पाया गया कि ऐस्टेरॉइड सूर्य की रोशनी से गरम हो रहा है। खगोलविदों ने कहा कि इस ऐस्टेरॉइड के वर्ष 2068 में टकराने की पूरी संभावना है। नासा ने इस ऐस्टेरॉइड को तीसरा सबसे बड़ा खतरा करार दिया है। इसमें कहा गया है कि अगले 48 साल में ऐस्टेरॉइड के धरती से टकराने की संभावना 150,000 है।

यह ऐस्टेरॉइड निकेल और लोहा से बना है तथा रेडॉर इमेज से पता चलता है कि यह लंबा हो रहा है। इसका आकार अब मूंगफली की तरह से होता जा रहा है। हालांकि शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि अभी और ज्यादा वृहिश्लेषण की जरूरत है। वैज्ञानिक इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह धरती से वर्ष 2068 में टकराएगा या नहीं।

## कोरोना से उबरे लोग इतने महीने में फिर हो सकते हैं संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना वायरस से ठीक हुए लोग फिर से इस वैश्विक महामारी की चपेट में आ सकते हैं। ब्रिटिश रिसर्चर्स ने दावा किया है कि कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके व्यक्ति को संक्रमण से बचाने वाले एंटीबॉडी तेजी से घट रहे हैं। जिसके कारण कोविड–19 संक्रमण से लंबे समय तक रोग प्रतिरोधक क्षमता बने रहने की उम्मीदें खत्म हो रही हैं। पहले ऐसा विश्वास था कि एक बार कोरोना से ठीक हो चुके लोगों को दोबारा इसका खतरा कम है। इम्पीरियल कॉलेज लंदन के एक अध्ययन के तहत इंग्लैंड में 3,65,000 से अधिक लोगों की जांच की गई। अध्ययन में पाया गया कि कोविड–19 के लिए जिम्मेदार कोरोना वायरस से रक्षा करने वाले एंटीबॉडी समय के साथ कम हो रहे हैं, जो संकेत देते हैं कि रोग प्रतिरोधक क्षमता केवल कुछ ही महीने बनी रह सकती है। अध्ययन करने वाले अनुसंधानकर्ताओं में शामिल रहे प्रोफेसर वेंडी बार्कले ने कहा कि हर बार सर्दी के मौसम में लोगों को संक्रमित करने वाला कोरोना वायरस छह से 12 महीने बाद लोगों को फिर से संक्रमित कर सकता है।